*This question paper contains 6 printed pages.*

**7888** *Your Roll No.* .......................

**LL.B. / III Term** **ES**

Paper LB-3031 : BUSINESS ASSOCIATION – I

*Time* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

**टिप्पणी:**— *इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any five questions.*
*All questions carry equal marks.*

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. (a) What are the essentials of partnership? Discuss the change brought by *Cox* V. *Hickman* (1860) 8 HLC 268.

भागीदारी के आवश्यक तत्व क्या हैं? *Cox* V. *Hickman* (1860) 8 HLC 268 द्वारा किये गए परिवर्तनों का विवेचन कीजिए।

P.T.O.

(b) *X*, *Y* and *Z* have started a partnership firm. They have taken loan from a nationalised bank and as security for the loan they have given 20 per cent share in profit to the bank as well as some control in management of the business of the firm. Whether bank would be liable to the third party as partner?

*X*, *Y* और *Z* ने एक भागीदारी फर्म शुरू की। उन्होंने एक राष्ट्रीयकृत बैंक से ऋण लिया और ऋण हेतु प्रतिभूति के रूप में उन्होंने बैंक को लाभ में 20 प्रतिशत शेयर तथा फर्म के कारोबार के प्रबंध में कुछ नियंत्रण दिया। क्या बैंक भागीदार के रूप में तृतीय पक्षकार के प्रति दायित्वाधीन होगा?

2. (a) Who can be an agent? Discuss the rights and liabilities of an agent.

एजेन्ट कौन हो सकता है? एजेन्ट के अधिकारों और दायित्वों का विवेचन कीजिए।

(b) Four persons purchased a piece of land jointly. Subsequently, a cinema hall was constructed with their joint money. They then formed a firm to exhibit films.

Determine whether the above two properties, *viz.*, (i) piece of land and (ii) cinema hall are the properties of the firm.

चार व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से एक भूखंड खरीदा। बाद में उनके संयुक्त धन से एक सिनेमा हॉल का निर्माण

हुआ। फिर उन्होंने फिल्म प्रदर्शित करने के लिये फर्म का गठन किया।

अवधारित कीजिए क्या उपर्युक्त दो सम्पत्तियाँ अर्थात् (i) भूखंड और (ii) सिनेमा हॉल फर्म की सम्पत्तियाँ हैं।

3\. (a) Analyse the term, "Implied Authority" of a partner in a firm with limitations imposed by the Indian Partnership Act, if any.

फर्म में किसी भागीदार के 'अन्तर्निहित प्राधिकार' शब्दों का भारतीय भागीदारी अधिनियम द्वारा अधिरोपित सीमाओं, यदि कोई हैं, के साथ विश्लेषण कीजिए।

(b) *A* and *B* are partners in a firm dealing in cotton fabrics. *A* without the knowledge and consent of *B*, secretly bribes the clerk of a rival firm of *C* and *D* to obtain some secret information pertaining to the business of the said rival firm. Is *B* liable for the acts of *A*? Discuss.

*A* और *B* सूती वस्त्रों का लेन-देन करने वाली फर्म में भागीदार हैं। *A* ने *B* की जानकारी व सम्मति के बिना *C* और *D* की प्रतिद्वन्द्वी फर्म के क्लर्क से उस प्रतिद्वन्द्वी फर्म के कारोबार से संबंधित कुछ गुप्त सूचना प्राप्त करने के लिये उसको गुप्त रूप से रिश्वत दी। क्या *B*, *A* के कृत्यों के लिये दायित्वाधीन है? विनिश्चय कीजिए।

4\. (a) *M*, a minor was getting a share of the profits of a business carried on by *A* and *B* in partnership.

The firm was dissolved before *M* attained majority. *C*, a creditor, files a suit against *A*, *B* and *M* after *M* had attained majority for an amount due to him from the erstwhile firm. Decide.

अवयस्क *M* को *A* तथा *B* द्वारा भागीदारी में किये गए कारोबार के लाभ में शेयर प्राप्त हो रहा था। *M* के वयस्क होने से पहले फर्म का विघटन हो गया। एक लेनदार *C*, *M* के वयस्क हो जाने के बाद *A*, *B* और *M* के विरुद्ध तत्कालीन फर्म से उसको देय राशि हेतु वाद फाइल करता है। विनिश्चय कीजिए।

(b) *M*, a minor, admitted to the benefits of a partnership firm, represents to *T* that he had become a partner in the firm. *T*, believing it to be true, advances Rs. 1,00,000 to the firm. Subsequently, *M*, within six months of his attaining majority, gives notice of his disassociation with the firm. Can *T* make *M* liable for the loan?

किसी भागीदारी फर्म के फायदों में प्रविष्टि पाए अवयस्क *M* ने *T* से व्यपदेशन किया कि वह फर्म में भागीदार हो गया था। *T* ने इसे सत्य मानते हुये फर्म को 1,00,000/- रुपये दे दिये। बाद में अपने वयस्क होने के छह मास के अंदर *M* ने फर्म के साथ अपने असंतोष का नोटिस दे दिया। क्या *T* ऋण हेतु *M* को दायित्वाधीन बना सकता है?

5. What do you mean by automatic dissolution of a firm? Explain the grounds for dissolution by court.

फर्म के अपने आप विघटन से आपका क्या अभिप्राय है? न्यायालय द्वारा विघटन हेतु आधारों को स्पष्ट कीजिए।

6. (a) What are effects of non-registration of a firm?

फर्म के अरजिस्ट्रीकरण के क्या परिणाम होते हैं?

(b) Whether a suit can be filed by a non-registered partnership firm for the infringement of their trademark?

क्या किसी अरजिस्ट्रीकृत भागीदारी फर्म द्वारा अपने व्यापार चिह्न के अतिलंघन हेतु वाद फाइल किया जा सकता है?

7. Explain the salient features of the Limited Liability Partnership Act, 2008.

सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008 की प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

8. Write short notes on any *two:*

(a) Partnership at will

(b) Retirement of a partner

(c) Doctrine of Holding Out

(d) Distinction between Company and Limited Liability Partnership.

किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:

(a) इच्छाधारित भागीदारी

(b) भागीदार की निवृत्ति

(c) व्यपदेशन का सिद्धान्त

(d) कम्पनी और सीमित दायित्व भागीदारी के बीच सुभेद।